भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न. 697**

(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 24 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

आयात शुल्क संरचना के प्रभाव का आकलन

697 **श्री एस. कल्याणसुन्दरमः**

क्या ***वाणिज्य और उद्योग*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय ने नारियल, खोपरा तथा नारियल तेल पर लागू वर्तमान आयात शुल्क संरचना के घरेलू नारियल उत्पादक किसानों की आय पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) क्या सरकार आयातों के कारण कीमतों पर पड़ने वाले दबाव से स्थानीय उत्पादकों की सुरक्षा के लिए आयात शुल्क में वृद्धि, सुरक्षात्मक उपाय अथवा प्रशुल्क में संशोधन करने पर विचार कर रही है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान नारियल उत्पादन, बाजार आवक, औसत फार्म-गेट मूल्यों तथा किसानों की आय के रुझानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) नारियल उत्पादकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) संबंधी कार्यों, खरीद संबंधी व्यवस्था, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण तथा निर्यात संवर्धन के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं ताकि लाभकारी मूल्य एवं आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख) सरकार उत्पादकों, उपभोक्ताओं और विभिन्न हितधारकों के हितों की रक्षा करने हेतु आवश्यकतानुसार आयात शुल्क आदि सहित आवश्यक कदम उठाने के लिए घरेलू उत्पादन, मूल्यों, आयात और हितधारकों की प्रतिक्रिया का आकलन करती है।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान नारियल उत्पादन का राज्यवार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है। नागरकोइल बाजार में नारियल की मासिक बाजार आवक **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

(घ) सरकार, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर मिलिंग खोपरा और बॉल खोपरा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करती है। परिपक्व छिलका रहित नारियल के एमएसपी का निर्धारण, खोपरा के एमएसपी के आधार पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

जब भी बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाते हैं, तब एमएसपी के तहत खरीद, राज्य सरकारों द्वारा चिन्हित की गई राज्य स्तरीय एजेंसियों (एसएलए) के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) द्वारा की जाती है।

नारियल विकास बोर्ड (सीडीबी) नारियल उत्पादों (नारियल भूसी और फाइबर उत्पादों को छोड़कर) के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी) के रूप में कार्य करता है। यह विभिन्न स्कीमों के माध्यम से निर्यात संवर्धन में सहायता करता है, और नारियल और नारियल उत्पादों के निर्यात और आयात पर सरकार को नीतिगत निविष्टियाँ उपलब्ध करता है।

*****

अनुलग्नक-I

पिछले तीन वर्षों के दौरान नारियल क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता का राज्यवार विवरण

राज्य	2023-24			2024-25			2025-26 (द्वितीय अनुमान)		
	क्षेत्र ('000/हे.)	उत्पादन (मिलियन नट्स में)	उपज (नट्स /हे.)	क्षेत्र ('000/हे.)	उत्पादन (मिलियन नट्स में)	उपज (नट्स /हे.)	क्षेत्र ('000/हे.)	उत्पादन (मिलियन नट्स में)	उपज (नट्स/हे.)
	107.37	1707.08	15899	108.48	1735.94	16002	116.37	1859.55	15980
अरुणाचल प्रदेश	0.12	0.13	1109	0.10	0.37	3508	0.04	0.24	6297
असम	20.19	178.27	8830	22.06	125.68	5696	23.05	131.20	5692
बिहार	10.82	46.42	4292	0.27	1.16	4292	0.27	1.16	4292
छत्तीसगढ	1.35	9.10	6755	1.35	9.10	6755	1.37	16.23	11840
गुजरात	26.56	246.08	9265	28.20	261.02	9257	28.70	264.05	9200
कर्नाटक	564.62	6151.00	10894	600.79	5488.40	9135	576.72	4696.50	8143
केरल	765.84	5522.71	7211	754.00	5149.87	6830	754.75	5238.00	6940
महाराष्ट्र	31.32	262.60	8384	29.22	114.50	3919	27.11	246.21	9082
मिजोरम	0.03	0.15	4360	0.03	0.15	4360	0.10	0.43	4316
नागालैंड	1.08	9.75	9070	1.06	9.70	9139	1.06	9.70	9139
ओडिशा	54.95	399.43	7269	55.36	399.47	7216	55.48	409.03	7373
तमिलनाडु	492.61	6091.98	12367	505.53	6251.94	12367	515.59	6487.83	12583
तेलंगाना	1.26	0.14	110	1.34	10.04	7486	1.41	13.53	9587
त्रिपुरा	4.78	19.85	4156	4.98	20.71	4156	4.98	38.09	7643
पश्चिम बंगाल	32.93	421.18	12790	33.63	426.85	12694	34.97	449.11	12841
अन्य	49.38	307.76	6232	48.51	296.34	6109	48.53	328.51	6769
सम्पूर्ण भारत	2165.20	21373.62	9871	2194.92	20301.22	9249	2190.50	20189.36	9217

स्त्रोत: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

अनुलग्नक-II

नागरकोइल बाजार, तमिलनाडु में नारियल की मासिक बाजार आवक			
	अंकों में आवक		
माह	**2023**	**2024**	**2025**
जनवरी	8,49,000	8,21,640	9,56,000
फरवरी	8,45,850	8,77,300	7,65,000
मार्च	10,74,235	10,94,520	7,93,000
अप्रैल	8,62,520	8,40,550	8,00,000
मई	8,63,140	10,52,730	10,04,000
जून	10,82,710	8,75,270	8,03,000
जुलाई	8,52,875	8,78,600	7,92,000
अगस्त	8,61,095	11,02,300	9,88,000
सितंबर	10,89,420	8,63,800	6,68,000
अक्टूबर	8,59,580	8,15,000	7,70,000
नवंबर	8,44,215	10,08,000	6,20,000
दिसंबर	11,16,920	7,92,000	6,85,000
कुल	**1,12,01,560**	**1,10,21,710**	**96,44,000**